# जिला अस्पताल की ओपीडी में चिरंजीवी डेस्क स्थापित करें : जिला कलेक्टर

■ साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश दिए

**बूंदी** (निसं)। पानी, बिजली, मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की कार्य प्रगति, मुख्यमंत्री बजट घोषणा की क्रियान्विती तथा स्टार प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में चिरंजीवी डेस्क स्थापित की जाकर यहां कार्मिक की सेवा उपलब्ध कराई जावे। डेस्क के माध्यम से इलाज के लिए ओपीडी में आने वाला कोई भी व्यक्ति चिरंजीवी योजना में पंजीयन से वंचित नहीं रहे, इसकी सुनिश्चितता की जावे और योजना से वंचित का मौके पर ही पंजीकरण किया जाए।



जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने कहा कि अस्पताल की ओपीडी में इलाज के लिा आने वाला व्यक्ति बिना चिरंजीवी पंजीकरण के वापस नहीं लौटे, इसका विशेष ध्यान रखा जावे। जिले के चिकित्सा संस्थान भी चिरंजीवी योजना में पंजीकरण की प्रगति को बढाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही और ढिलाई को बर्दाश्त नहीं होगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों द्वारा सायंकाल नियमित रूप से वार्डों की विजिट की जावे।

इसके अलावा चिकित्सालय में साफ सफाई को लेकर विशेष ध्यान रखा जावे।जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिला स्तरीय अधिकारी ग्रीष्मकाल के दौरान जरूरी संसाधनों की तैयारी अभी से रखें, ताकि किसी तरह की परेशानी नहीं आए। स्कूलों के बाहार खडे रहने वाले थडी ठेलों पर मिलने वाली खाद्य सामग्री में गुणवत्ता की जांच के लिए सीएमएचओ द्वारा सघन जांच अभियान संचालित किया जावे।

उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस पर दानदाताओं व जनसहभागिता से स्कूलों में डेस्क प्राप्त कर उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा मिशन मानस के लिए मास्टर टेनर को प्रशिक्षण दिलाया जावे।

उन्होंने आईसीडीएस विभाग को निर्देश दिए कि आगामी गणतंत्र दिवस तक सभी आंगनबाडी केन्द्रों पर विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित किए जावे। इसके लिए विद्युत निगम के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य किया जावे।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग यह सुनिश्चित कर लें की उनको राजकीय प्रयोजनार्थ भूमि आंवटित होने के बाद विभाग को भूमि संभालने के बाद उक्त भूमि पर अतिक्रमण होने की जानकारी मिलती है तो इसके लिए संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

जिला स्तरीय अधिकारी उनके अधीन संस्थानों का गंभीरता के साथ निरीक्षण करें, ताकि वहां मिलने वाली कमियों को दूर किया जा सके। जिन स्थानों से शिकायते मिलती है, वहां प्राथमिकता से निरीक्षण किए जाए।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अधिकारी इंदिरा रसोई में खाना खाकर भोजन की गुणवत्ता जांचे। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी.सामर, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी तेज कंवर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राकेश कुमार वर्मा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता डीएन व्यास, नगर परिषद आयुक्त महावीर सिंह सिसोदिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## डॉ.सामर निःशुल्क हार्ट सर्जरी के मासूम बच्चों से मिले

**बूंदी** (निसं)। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में पंजीकृत लाभार्थी का हर मर्ज बिना खर्च के ठीक हो रहा है। जिले के हार्ट की गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों को नया जीवन मिला है।जिले के दोनों बच्चो की मुफ्त हार्ट सर्जरी हुई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओ पी सामर बच्चो से मिले और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। डॉ सामर ने बच्चो के परिजनों से बात की ओर उनसे योजना के तहत हुए निःशुल्क ऑपरेशन एवम स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्हें अस्पताल से सम्बंधित किसी भी समस्या से अवगत कराने और समाधान पाने के लिए आश्वस्त भी किया। डॉ सामर ने बताया कि बूंदी जिले के नैनवा उपखंड के नाहरगंज गांव की 3 वर्षीय कविता और जरखोदा गांव के 4 वर्षीय आयुष जन्मजात दिल की बीमारी के बच्चो का भारत विकास परिषद हॉस्पिटल में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा कविता का सफल ऑपरेशन 16 जनवरी को और आयुष का सफल ऑपरेशन 17 जनवरी को हुआ है । जब डॉ सामर दोनो बच्चे से मिले तो उन्हें पूर्णतया स्वस्थ पाया। डॉ सामर ने बताया कि चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना इन बच्चो के लिए वरदान साबित हुई है। चिकित्सा एवम् स्वास्थ्य विभाग बूंदी के अथक प्रयासों से कविता और आयुष को हृदय रोग से मुक्ति मिली है।

# विभिन्न मांगों को लेकर छात्राओं ने लंका गेट रोड जामकर व नगरपरिषद का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया

■ प्रशासन व नगर परिषद के खिलाफ नारेबाजी की

**बूंदी** (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने छात्रासंघ अध्यक्ष निशा हाडा के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर रोड जाम कर व नगर परिषद का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।

छात्राओं ने कॉलेज के गेट के बाहर अवैध रूप से खडे होने वाले वाहनों को हटाने, कचरा पॉइंट हटाने व महाविद्यालय के बाद सड़क निर्माण की मांग को लेकर लंका गेट रोड पर जाम लगा दिया तथा नगर परिषद,पुलिस व जिला प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुएविरोध प्रदर्शन किया। हाडा ने बताया कि कई बार कहने के बाद भी हमारी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

महाविद्यालय के बाहर मोहल्ले वासियों द्वाराअवैध रूप से टैक्सी स्टैंड बनाया हुआ है जहां मोहल्ले वासियों द्वारा बड़ी संख्या में वाहन खड़े कर दिए जाते हैं जिससे छात्राओं को कॉलेज में प्रवेश करने में खासी परेशानी का सामना करना पडता है।

साथ ही मोहल्ले वासियों द्वारा महाविद्यालय के बाहर कचरा पॉइंट बना रखा है जहां बडी मात्रा में गंदगी जमा रहती है। जिससे छात्राओं के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है वही महाविद्यालय का रोड भी क्षितग्रस्त है जिसमें गिर कर कई छात्राएं चोटिल हो चुकी है। हमारे द्वारा पूर्व में भी नगर परिषद आयुक्त ,जिला पुलिस अधीक्षक व जिला कलेक्टर को उक्त समस्या से लिखित में अवगत कराया था फिर भी हमारी समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। छात्राओं द्वारा इन सभी समस्याओं को लेकर रास्ता जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है जब तक हमारी समस्याओं का पूर्ण समाधान नहीं हो जाता विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

इसके बाद सभी नाराज छात्राएं जुलूस के रूप में नगर परिषद पहुंची जहां रोड जाम कर नगर परिषद का घेराव किया तथा आयुक्त के सभापति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिसके उपरांत आयुक्त महावीर सिंह सिसोदिया ने सभी समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया जिसके बाद छात्राओं ने धरना समाप्त किया। इस अवसर पर छात्रा संघ उपाध्यक्ष लख्मी मीणा, महा सचिव निशा शर्मा, काजल खारोल, ममता कुमावत सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रही।

मुकेश माधवानी नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि विकास का दावा करने वाली महिला सभापति के विकास की पोल बूंदी का कन्या महाविद्यालय खोल रहा है लगातार पिछले 2 वर्ष में 10 बार जाम लगाने और सैकडों ज्ञापन के बाद भी सभापति महोदय की कुंभकरण की नींद नहीं खुल रही है गंदगी नाली के पानी में बूंदी की बेटी पढ़ने जा रही है क्या यही विकास है।

# सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पथ संचलन निकाला



आदर्श विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने शहर में पथ संचलन निकाला।

**बूंदी** (निसं)। आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती के मौके पर सोमवार को विद्या भारती शिक्षा संस्थान बूंदी द्वारा संचालित, बूंदी नगर के समस्त आदर्श विद्या मंदिर के छात्र छात्राओं द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुभाष चंद्र बोस की 125वी जयंती के अवसर पर 23 जनवरी को पथ संचलन के माध्यम से सुभाष चन्द्र बॉस को सलामी दी गयी।

विद्यालयों के भैया बहनों द्वारा मालन मासी बालाजी से प्रात: 11 बजे बाल पथ संचलन पराक्रमी भारत 2023 का आगाज हुआ। इससे पूर्व इसमें मुख्य अतिथि विद्या भारती शिक्षा संस्थान के जिला अध्यक्ष श्री त्रिभुवन गौतम द्वारा उपस्थित भैया बहनों का आ ान किया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ऐसे महामानव में से थे जिनको उच्च शिक्षा ,बुद्धि, पदवी ,परिवार के सुख, सार्वजनिक सम्मान सब कुछ प्राप्त था परंतु सब का त्याग कर स्वेच्छा से ऐसा जीवन मार्ग ग्रहण किया जिसमें पग पग पर कांटे और खाईखंदक थे उनका त्याग और साहस इतना उच्च कोटि का था कि इसे देखकर हजारों व्यक्ति उनके सामने ही अपने देशवासियों को मानवोचित् अधिकार दिलाने के लिए तन मन धन अर्थात सर्वस्व अर्पण करने को तैयार हो गए स्वाधीनता प्राप्त होने से जहां हम को इन सब गुणों से उन्नित करके भारत को पुनः जगतगुरु की प्राचीन पदवी के योग्य बनाने के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए। प्रचार प्रमुख प्रह्लाद कुमार गौतम के अनुसार यह बाल पथ संचलन मालन मासी बालाजी से प्रारंभ होकर मीरा गेट ,नागदी बाजार, चौमुखा बाजार, इंदिरा मार्केट, कोटा रोड, सब्जी मंडी, सूर्यमल मिश्रण चौराहा, श्रीराम मेडिकल से होते हुए बालिका माध्यमिक विद्यालय लाल कोठी में संपन्न हुआ।

मार्ग में अनेक संगठनो द्वारा भैया बहिनों पर पुष्प वर्षा उत्साह वर्धन किया गया। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव पर आयोजित इस पथ संचलन में घोष वाहिनी ध्वजवाहिनी रक्षा वाहिनी, सुभाष चन्द्र बॉस एवं भारत माता की आकर्षक झांकी सजाई गई इस अवसर पर विद्या भारती शिक्षा संस्थान के जिला सचिव उदय प्रकाश शर्मा प्रबंधसमिति के पदाधिकारी प्रधानाचार्य राधेश्याम शर्मा सत्यनारायण दाधीच हेमेंद्र कुमार गौतम हनुमान प्रसाद संजय पारीक एवं संजय बांगड तथा सभी आचार्य दीदी उपस्थित रहे।

संचलन के समापन के अवसर पर भारत विकास परिषद की नवोदय शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता रही बहिनो को परिषद के सदस्यों द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## कलेक्टर को पत्र दिया

**बूंदी** (निस) । उंधालियो की डूंगरी के आसपास नए मुक्तिधाम बनाने के लिए रेड क्रॉस के मुक्तिधाम प्रभारी के सी वर्मा ने जिला कलेक्टर को पत्र दिया।

जिसमें वार्ड नंबर 1,2,3,4 के लोगों की समस्या बताई की विकास नगर, उंधालियो की डूंगरी के आसपास की बस्तियों से मुक्तिधाम बहुत दूर पड़ता है जिसमें लोगों को काफी कठिनाई उठानी पड़ती है।

पत्र में बताया कि उंधालियो की डूंगरी के आसपास मुक्तिधाम केजगह मिल जाए तो रेडक्रॉस सोसाइटी जन सहयोग से मुक्तिधाम बनाना चाहती हैं।

## सार-समाचार

### सीडीईओ ने नाराजगी जताई

**बून्दी** (निसं)। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी तेज कंवर की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा बूंदी की वार्षिक प्लान कार्ययोजना एवम विभिन्न मदों की जिले द्वारा जारी राशियों की उपयोगिता एवं व्यय की प्रगति के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। सभी ब्लाकों की निशुल्क यूनिफॉर्म फैब्रिक की डीबीटी भुगतान एवं जिला स्तर से मदवार जारी राशियोंए टीचर सपोर्ट मैटेरियलए वार्षिक उत्सवए ट्रांसपोर्ट वाउचरए सामुदायिक गतिशीलताए जेंडर इक्विटी सहित व्यावसायिक शिक्षा की प्रगति असंतोषजनक रहने पर सीडीईओ ने नाराजगी करते हुए अभी तक डीबीटी में नब्बे हजार विद्यार्थियों के विरुद्ध मात्र 3046 विद्यार्थियां को भुगतान हुआ हैए जो अत्यंत न्यून बताया। इस पर सीडीईओ ने अंतिम चेतावनी देते हुए कार्य को आगामी 3 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इन्होंने कार्य पूर्ण नहीं होने पर जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाने की बात कही। इस दौरान सहायक परियोजना समन्वयक दलीप सिंह गुर्जरए सहायक लेखाधिकारी डी एस मीनाएकार्यक्रम अधिकारी मुकेश कुमार नागरए राजेश चतुर्वेदीए राजेश मीणाए बद्री लाल शर्मा सहित जिलें के सभी सभी ब्लाकों के सीबीईओए एसीबीईओए आरपी तथा एमआईएस उपस्थित रहे।

### संगोष्ठी का आयोजन

**बून्दी** (निसं)। नेहरू युवा केंद्र बूंदी द्वारा वॉलिंटियर्स एक्टिवेशन प्लान के सेवाभाव कार्यक्रम के तहत संगोष्ठी बैंक ऑफ बड़ौदा वित्तीय सेवा सलाहकार डीण्केण् काबरा के आतिथ्य में आयोजित की गई। वित्तीय सेवा सलाहकार काबरा ने बैंकों की विभिन्न योजनाओं एवं वित्तीय सेवाओं की जानकारी देते हुए विभिन्न प्रकार की सुविधाओंए एमआई शक्ति योजनाए बीमा योजनाए सरकार द्वारा चलाई जा रही निशुल्क बीमा योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही सभी को अपना खाता खुलवाने व ऑनलाइन बैंक की सुविधा अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेविका संतोष रेगर ने नेहरू युवा केंद्र द्वारा संचालित गतिविधियों और कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सेवाभाव कार्यक्रम से सभी को अवगत करवाया। संगोष्ठी पश्चात काबरा ने राष्ट्रीय युवा स्वयंसेविका द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण का निरीक्षण करके आवश्यक दिषा दिर्नेश भी दिए। इस मौके सिलाई ट्रेनर कमलेश दाधीचए मायारामए नेहरू युवती मंडल सदस्याओं सहित सिलाई केन्द्र की प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

### हीटर का डोनेशन

**बूंदी** (निसं)। जेसीआई बूंदी ऊर्जा द्वारा सीडब्ल्यूसी के बच्चों के लिए हीटर का डोनेशन किया गया। यह हीटर शिशु संरक्षण केंद्र के लिए भेंट किया गया सदस्य द्वारा सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष सीमा पोद्दार को इसे हस्तांतरित किया गया। उनकी जरूरत पर तुरंत एक्शन लेने के लिए सीमा पौद्दार द्वारा जेसीआई का आभार जताया। साथ ही उन्होंने सदस्यों को अपने कार्य के बारे में समझाया और इससे जुड़ने का आग्रह किया और कहा कि आने वाले समय में इस केंद्र को लेकर जागरूकता बढ़ाने का प्रयास साथ मिलकर करेंगे। इस अवसर पर जेसीआई बूंदी उर्जा के अध्यक्ष श्वेता भंडारी ,सचिव मेघा नुवाल,कोषाध्यक्ष अंशुल भंडारी ख्याति भंडारी, अनुकृति विजय, साधना न्याति मंजू युगल, अलका बाकलीवाल, रानू खंडेलवाल, सोनिया झंवर प्रियंका जाजू, सोनू सिंह, भानु माथुर नीलम जैन, अंकिता अग्रवाल प्रीति राठौड़ प्रीति दौलतानी सिंपल भंडारी शालिनी अरोड़ा अनु जैन एवं उमा मंडोवरा उपस्थित रहे।

# रामगंजमंडी में नेत्रदान से मिली आंख से मोहनलाल की दुनिया रोशन हुई

**रामगंजमंडी** (निसं)।शहर में नैत्रदान से मिली आंख से मोहनलाल की दुनिया रोशन हुई है। पहली बार किसी को कॉर्निया लगा है जिससे नेत्र ज्योति मिली है।पिछले कई वर्षों से हाडोती संभाग के रामगंजमंडी नेत्रदान, अंगदान और देहदान के क्षेत्र में कार्य कर रहा है।

संभाग के रामगंजमंडी क्षेत्र में भारत विकास परिषद द्वारा शाइन इंडिया फाउंडेशन कोटा के सहयोग से नेत्रदान के कार्य में अपना अभूतपूर्व सहयोग दे रही है। दोनों संस्थाओं के सम्मिलित प्रयासों से रामगंजमंडी क्षेत्र में न सिर्फ नैत्रदान के कार्य को बढ़ावा मिला है बल्कि अंगदान और देहदान के क्षेत्र में भी शहर के सभी बच्चों, युवाओं व वृद्धजनों का सहयोग मिल रहा है।

भारत विकास परिषद के परिषद सदस्यों के माध्यम से घर-घर में नैत्रदान का संदेश पहुंच चुका है।सम्मिलित प्रयासों से रामगंजमंडी में 30 नैत्रदान हो चुके हैं व 4300 से ज्यादा लोगों के नेत्रदान संकल्प पत्र भरे हुए हैं वहीं 6 अंगदान और 3 देहदान संकल्प पत्र भी भरे जा चुके है।शहर से 2 पुण्यात्माओं के देहदान भी हुए हैं।संस्थाओं के सम्मिलित प्रयास से कॉर्निया प्रत्यारोपण के प्रति भी संस्था के सदस्य लगातार कार्य करते रहते हैं,

बीते दिनों में यादव मोहल्ला, रामगंजमंडी निवासी मोहनलाल मेवाड़ा 66 वर्ष की बाँयी आँख में लगभग एक डेढ वर्ष से धीरे-धीरे रोशनी कम होने लगी थी।जिसके लिए उन्होंने न सिर्फ कोटा संभाग में बल्कि राजस्थान और नीमच व इंदौर के कई बड़े आंखों के चिकित्सकों को दिखा लिया था।जहां पर एक लाख से डेढ़ लाख तक का खर्च बताया गया। साथ ही कोई गारंटी नही की रोशनी आये या नही आये।

कहीं से कोई भी उपयुक्त जवाब नहीं मिला। काफी सारा समय और पैसा खर्च करने के बेटे रवि मेवाड़ा का संपर्क भारत विकास परिषद के संजय पतीरा से हुआ। संजय पतीरा ने शाइन इंडिया के डॉ. कुलवंत गॉड से संपर्क कर मोहनलाल की जानकारी दी।

मोहनलाल को पुनः एक बार नैत्र परीक्षण करवाने के लिए नीमच स्थित गोमाबाई अस्पताल में भेजा गया।वहां पर मोहनलाल का पूरा चिकित्सकीय परीक्षण किया गया और यह पता चला कि मोहनलाल का नेत्रदान के माध्यम से मिलने वाली आंख जिसे कॉर्निया कहते हैं वह मिल सके तो मोहनलाल की आंखों में रोशनी वापस आ सकती है। मोहनलाल जानते थे कि उनके शहर में नेत्रदान का कार्य काफी अच्छे से हो रहा है।इसलिए मन में एक आस लेकर वह अपना पंजीकरण गोमाबाई स्थित आई बैंक में करा कर पुनः रामगंजमंडी आ गए।दो माह के अंतराल के बाद आई बैंक के माध्यम से संपर्क होने पर मोहनलाल को कार्निया प्रत्यारोपण के लिए बुलाया गया जहां पर इनका पूरा इलाज डॉ. गौड़ व परिषद के प्रयास से निःशुल्क हुआ।

मोहनलाल को आज कॉर्निया प्रत्यारोपण हुए एक महीना हो चुका है, मोहनलाल धन्यवाद देते हुए कहते हैं कि, उन्हें नहीं पता था कि इस तरह से मृत्यु के बाद में जो आंखें दान होती हैं वह इतने अच्छे से रोशनी देने में सहायक होती हैं किसी के दान में मिली आंख से न सिर्फ मैं खुश हूं बल्कि मेरे परिवार के सभी सदस्य काफी खुश हैं।

रवि मेवाड़ा जो कि मोहनलाल के सुपुत्र हैं, इस पूरी प्रक्रिया में वह साक्षी रहे हैं। उनका भी कहना है कि हमने नेत्रदान के बारे में सिर्फ सुना था,परंतु यह नहीं पता था कि इस तरह से दान में दी हुई आंखें भी किसी दूसरे व्यक्ति की आंखों में रोशनी पहुंचा सकती है, परंतु आज जब

हमारे पिताजी की आंखों का इलाज सिर्फ दान में मिली आँख से संभव हुआ है, तो अब हमारा नेत्रदान के प्रति काफी विश्वास बना है। मैं स्वयं भी अपने पूरे परिवार के सभी सदस्यों के साथ नेत्रदान के लिए संकल्पित हूं।

मोहनलाल की पत्नी पार्वती का कहना है कि एक ही आंख से देखने के कारण मेरे पति के दैनिक कार्यों और व्यवहार में भी काफी परिवर्तन आ गया था, वह परेशान से रहते थे, उन्हें डर था कि, एक आँख की रोशनी तो चली गई है, दूसरी आंख में भी मोतियाबिंद पक रहा है मगर उसकी ऑपरेशन की हिम्मत नही कर पा रहे थे कि इसमें भी कुछ हो गया तो आगे का जीवन काफी परेशानी वाला होगा। परंतु आज कॉर्निया प्रत्यारोपण होने से हमारे घर में वापस खुशी का माहौल है। मोहन के बेटे संजय, रवि, अक्षय और बेटियां चंदा और उषा अपनी पिता की आँखों में दुबारा रोशनी को देखकर काफी ज्यादा खुश है, उन सभी के लिए यह एक चमत्कार से कम नहीं है। मोहनलाल के कार्निया प्रत्यारोपण के बाद

आज उनसे मिलने परिषद के संरक्षक बालाराम गुप्ता, ब्रजेश उपाध्याय, संजय विनायका, आशीष गुप्ता, संजय सतीजा, संजय विजावत, पार्षद महावीर पोरवाल व अभिषेक जैन, संजय पतीरा के साथ उनके निवास पर पहुँचे।

## सार-समाचार

### पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

**छबड़ा** (निसं)। रैपिड एक्शन फोर्स व स्थानीय पुलिस द्वारा सोमवार को कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से सहायक कमांडेंट रामजस यादव व छबड़ा थानाधिकारी राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में क़स्बे के मुख्य मार्गो पर फ्लैग मार्च निकाला गया। रैपिड एक्शन फोर्स के सहायक कमांडेंट रामजस यादव ने बताया कि परिचय अभ्यास के दौरान इलाके की जनसंख्या, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील जगहों तथा विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा तथा बलवाइयों की सूची तैयार की जायेगी ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई साम्प्रदायिक तनाव एवं दंगा कि स्थिति घटित होने या प्राकृतिक आपदा होने पर अधिक कारगर ढंग से उस पर नियंत्रण एवं कार्यवाही की जा सके। बल के सदस्यों द्वारा राजनितिक दलों, समाजसेवी संगठनों की भी जानकारी प्राप्त की जाएगी। यहां सभी क्षेत्रों का सांकेतिक चित्र भी बनाया जाएगा। इस मानचित्र का उद्देश्य अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर नियंत्रण के लिए नियुक्त स्थल पर तत्काल पहुचने में सुविधा हो। द्रुत कार्य बल द्वारा किया जाने वाला यह एक अभ्यास हैं, जो नियमित अन्तराल के बाद किया जाता है। इस अभ्यास के दौरान हम विभिन्न क्षेत्रों में जाकर वहाँ प्राकृतिक आपदा, सामाजिक परिवेश, समाज में अशान्ति उत्पन्न करने वाले विभिन्न कारणो का गहन अध्ययन कर डाटा कलेक्ट करते हैं, जिससे विषम परिस्थितियों में द्रुत कार्य बल शान्ति व्यवस्था बनाने में त्वरित मदद कर सके। परिचय अभ्यास में निरीक्षक नरेश कुमार शर्मा, निरीक्षक फैली राम मीना, निरीक्षक विनोद कुमार मीना, निरीक्षक (महिला) मधू शर्मा के अतिरिक्त बल के अन्य अधिनस्थ अधिकारीण एवं बल के अन्य रैंक कार्मिकों ने भाग लिया।

### सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

**बूंदी** (निसं)। राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ भामसं जिला बूंदी द्वारा सोमवार 23 जनवरी को आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महासंघ के कार्यकर्ताओं के द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल के परिसर में स्थित सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति को माला पहनाकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। महासघं, भामसं के प्रदेश उपाध्यक्ष मेघवाहन सिंह ने बताया की स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव पर सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस को पराक्रमी भारत 2023 के रूप में मनाया जा रहा है आज प्रत्येक युवा को नेताजी के आदर्शों को अपने जीवन मे अपनाने की जरूरत है। कर्मचारी महासंघ, भामसं के जिलाध्यक्ष विकास दीक्षित ने बताया के युवाओं को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों को अपनाना चाहिए और जिस तरह उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना कर देश को आजाद कराने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर किया उसी तरह संगठन के समस्त कार्यकर्ताओं ओर देश के युवाओ को उनके आदर्शों से पर चलते हुए देश हित की भावना रखते हुए कार्य करना चाहिए। महासंघ के जिला महामंत्री रितेश सनाढ्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति अध्यक्ष बाबूलाल राव,नर्सेज एसोसिएशन अध्यक्ष रितेश सोनी, जलदाय एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, सहायक कर्मचारी परिषद जिलाध्यक्ष त्रिलोक गुप्ता, भूपेंद्र सनाढ्य, ऋषि राज कुमावत, सुदेश गौतम, राजकुमार बंसल, कपिल जैन, किशन कहार, महावीर मेघवाल, निक्की अग्रवाल, रित्विज सोनी, मयंक दत्त राव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पथ संचलन निकाला

**छबड़ा** (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर में सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया तथा पथ संचलन भी निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जितेंद्र नामदेव, विशिष्ट अतिथि मनोज गगरानी, मुख्य वक्ता आचार्य राजू कुशवाहा रहे। प्रधानाचार्य अमृतलाल मीणा ने बताया कि बोस भारत के वीर सपूत भारत के प्रत्येक नागरिक एवं सैनिकों के आदर्श रहे हैं, जो हमेशा प्रत्येक भारतीयों के हृदय पटल पर वास करते है। यहां स्वामी विवेकानंद, चंद्रशेखर आजाद, भारत माता, झांसी की रानी, लगभग 51 झांकियों का सुंदर एवं भव्य आकर्षण देखने को ही बनता था। कार्यक्रम में 650 भैया-बहिन और 50 आचार्य-दीदी सम्मिलित हुए। नगर में जगह-जगह दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों के सामने स्वागत द्वार सजाकर व रंगोलियां बनाकर बाल पथ संचलन का स्वागत किया। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र नागर द्वारा किया गया।

### भारतीय किसान संघ लोकसभा अध्यक्ष व कृषि मंत्री को ज्ञापन आज

**रामगंजमंडी** (निसं)। भारतीय किसान संघ रामगंजमंडी द्वारा किसानों की समस्याओं को लेकर कोटा में होने जा रहे किसान महासम्मेलन में किसानों की समस्याओं को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को मंगलवार ज्ञापन दिया जाएगा।ज्ञापन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में जो कमी है उसे शामिल करने और किसान के खेत को इकाई मानकर फसल बीमा का लाभ उसी किसान को मिले जिसने अपने खेत का बीमा कराया है।साथ ही क्षेत्र में अफीम करने वाले किसानों को अफीम का तोल कांटा कराने के लिए क्षेत्र से 100 से डेढ़ सौ किलोमीटर दूर जाना पड़ता है जिसमें किसानों को चोरी डकैती का डर एवं जान माल का खतरा रहता है।उन किसानों की क्षेत्र में ही अफीम तुलाई की जाए इन विषयों को लेकर भारतीय किसान संघ ज्ञापन देगा।

### पेंशनर समाज का अधिवेशन संपन्न

**छबड़ा** (निसं)। पेंशनर समाज छबड़ा शाखा द्वारा वार्षिक जिला अधिवेशन एवं वरिष्ठ सम्मान समारोह महादेव गार्डन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीरज कुमार सोनी कोषाधिकारी बारां एवं अध्यक्षता दिनेश गुप्ता जिलाध्यक्ष पेंशनर समाज बारां, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिओम नगर प्रधान पंचायत समिति, सुरेश गुप्ता अतिरिक्त कोषाधिकारी एवं मुकेश कुमार सिंगरिया शाखा प्रबंधक एसबीआई रहे। अधिवेशन में सभी 11 शाखाओं के पेंशनर एवं उनके पदाधिकारीयों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रिया हॉस्पिटल बारां, बिरला आई हॉस्पिटल कोटा एम अग्रवाल स्किन हॉस्पिटल कोटा द्वारा पेंशनरों की जांच की गई एवं परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में शाखा द्वारा सभी 75 वर्षीय पेंशनरों एवं शाखाओं के अध्यक्षों को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी दौरान ज्ञान भारती की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसको सभी ने सराहा। समापन पर समाज अध्यक्ष हरीशचंद्र पाठक द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

### द्वितीय सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए सहयोग किया

**बूंदी** (निसं)। श्री श्याम गोशाला, श्री बालाजी धाम आश्रम निर्माण समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले द्वितीय सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए आज ब्राह्मण नेता संजय शर्मा द्वारा एक 1,11000 एक लाख ग्यारह हजार रुपये ,राजुकमार सांगेला द्वारा 2100,रुपये व नीरज मेहंदीरत्ता(काका) द्वारा सहर्ष सहयोग किया जिसके लिए सभी समिति सदस्यों कमलेश शर्मा, कुलवंत सिंह ,टोनी वर्मा , कुलदीप वधवा, महावीर मोदी,विजयंत आमेरा , सत्येश जी शर्मा ,प्रेम प्रजापत बिरजू गुर्जर, सुनील बॉबी राजेश शर्मा इत्यादि ने हर्ष व्यक्त कर सभी को धन्यवाद दिया।

### एक लाख की जुआ राशि सहित छह जुआरी गिरफ्तार

**छबड़ा** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने जुआ, सट्टा विरोधी अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए माली की बाड़ी के पास से ताश के पत्तो पर जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्ज़े से एक लाख एक हजार सात सौ पैंतीस रूपये की जुआ राशि ज़ब्त की है। इस कार्यवाही में थानाधिकारी राजेश कुमार, एएसआई मुसददीलाल, हैड कांस्टेबल बच्चूसिंह, गिरधारीलाल, कांस्टेबल ओमेश, दशरथ सिंह व ओमप्रकाश शामिल रहे।

### पिता की स्मृति में स्वेटर बांटी

**छबड़ा** (निसं)। उच्च माध्यमिक विद्यालय बाहरी में कार्यरत गोविंदलाल शर्मा व्याख्याता ने सोमवार को अपने पिता नगन लाल भारद्वाज की नवीं पुण्यतिथि पर स्कूल में अध्ययनरत 13 गरीब, असहाय बालकों को गर्म कपड़ों स्वेटर, जर्सीयों का प्रार्थना सभा मे वितरण किया गया। स्वेटर पाकर सभी बालक हर्षित हुए। शर्मा प्रतिवर्ष अपने पिता की पुण्यतिथि पर दान, पुण्य का कार्य करते रहते हैं।